आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
2. नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर वाहनों की श्रेणी–वार गति सीमाएँ निर्धारित की गई हैं।
3. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से 'तीसरे द्वीप नारियल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
4. दक्षिण अंडमान जिला की जिला योजना समिति की बैठक 12, 13 और 14 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं परीक्षा के लिए व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना विलंब शुल्क आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। उम्मीदवार CBSE की आधिकारिक वेबसाइट पर 'व्यक्तिगत परीक्षार्थी' पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इन परीक्षाओं का आयोजन सीबीएसई द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज़ तैयार रखने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच CBSE हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अधिसूचना के अनुसार, नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर वाहनों की श्रेणी–वार गति सीमाएँ निर्धारित की गई हैं। श्री विजयपुरम में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्पीड वायलेशन डिटैक्शन कैमरे अब चालू हो गए हैं। इन कैमरों की मदद से निर्धारित गति सीमा से तेज़ चलने वाले वाहनों को स्वचालित रूप से पकड़ा जाएगा। ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ कानून के अनुसार उचित प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। स्टड श्रेणी के वाहनों के लिए एक हजार पांच सौ रूपये और मध्यम एवं भारी वाहनों के लिए तीन हजार रूपये जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ 3 महीने की अवधि के लिए ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित कर दिया जाएगा। सभी वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमाओं का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से कल लोक निवास में लोगो डिज़ाइनर जग जीवन राम और हिंदी साहित्य कला परिषद के महासचिव बृजेश कुमार पांडे ने शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार और इसके व्यापक उपयोग को लेकर चर्चा की गई। इसी क्रम में, भाजपा अंडमान निकोबार द्वीप समूह के प्रभारी जय प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी, और पूर्व प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी ने भी उपराज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की।

<><><><><><><><>

भाजपा जन प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्वराज द्वीप के निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी से मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगें रखीं। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर उनसे आज की उनकी स्वराज द्वीप के प्रस्तावित दौरे के दौरान हस्तक्षेप कर जनहित की मांगों का समाधान करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से क्षेत्र में बिजली क्षमता में वृद्धि, श्याम नगर में जलापूर्ति, विजय नगर में पाइपलाइन बिछाने, सड़कों का सुधार, गोविंद नगर स्थित मछली बाजार का आधुनिकीकरण और रैंप का उन्नयन और आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत की मांग की है।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय संबद्ध विभागों के सहयोग से प्रदर्शनी मैदान में 'तीसरे द्वीप नारियल महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। यह महोत्सव 17 और 18 अक्टूबर को शाम चार बजे से रात नौ बजे तक चलेगा। इस कार्निवल का उद्देश्य नारियल पर आधारित व्यंजनों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाओं, लोक प्रस्तुतियों और स्थानीय उत्पादों के जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से द्वीपों की समृद्ध सांस्कृतिक, और रचनात्मक

परंपराओं का जश्न मनाना है। इस महोत्सव में भाग लेने के लिए होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, व्यक्तिगत उम्मीदवारों, संघों, स्वयं सहायता समूहों, गैर–सरकारी संगठनों, कारीगरों और फूड स्टॉल ऑपरेटरों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक प्रतिभागी निदेशालय की परिचालन इकाई से निर्धारित आवेदन फॉर्म प्राप्त कर 14 अक्टूबर शाम चार बजे तक जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के भी आयोजन किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

कृषि विभाग ने आगामी रबी सत्र के लिए कृषक समुदाय को आवश्यक कृषि इनपुट की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वराज द्वीप में उर्वरकों और अन्य कृषि सामग्रियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इस पहल के तहत पहली खेप कल स्वराज द्वीप के लिए रवाना की गई। उर्वरकों की इस उपलब्धता से किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने में मदद मिलेगी। इससे मिट्टी की सेहत बनाए रखने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कृषि विभाग नामित वितरण तंत्र के माध्यम से किसानों तक समय पर यह आपूर्ति पहुँचाने के लिए उर्वरकों के परिवहन, उपलब्धता और वितरण की कड़ी निगरानी कर रहा है। विभाग ने कहा कि मांग और उपलब्धता के आधार पर आगे की आवश्यकताओं का आकलन भी किया जाएगा।

<><><><><><><><>

एन एस जी काउंटर–टेररिज्म कैपेबिलिटी असेसमेंट के सिलसिले में अंडमान निकोबार पुलिस और आई आर बी एन के कमांडो–प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास आज और कल दोपहर बारह बजे से रात आठ बजे तक चलेगा। इस दौरान क्षेत्र के निवासियों से स्वयं को और अपने मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला की जिला योजना समिति की बैठक जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उम्मर की अध्यक्षता में 12, 13 और 14 अक्टूबर को जिला परिषद के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला योजना समिति के सदस्य, विशेष आमंत्रित व्यक्ति और प्रशासन के अंतर्गत योजना कार्यान्वयन विभागों के सचिव एवं विभागाध्यक्ष भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य दक्षिण अंडमान जिले के प्राथमिकता वाले जिला कार्य योजना 2027–28 और पंचायती राज संस्थाओं की प्राथमिकता कार्य योजना 2026–27 पर चर्चा करना और उन्हें अंतिम रूप देना है।

<><><><><><><><>

बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में निकोबार वन प्रभाग की ओर से 'डीएफओ फुटबॉल कप' का कल कैम्पबेल बे में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोविंद नगर पंचायत के सफ़ाई कर्मचारी येरन्ना मुख्य अतिथि, जबकि पंचायत समिति के उप–प्रमुख संजय एक्का विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला पीएससी–ए और ब्लू ओशन टीम के बीच खेला गया, जिसमें पीएससी–ए टीम ने 0–1 से जीत हासिल की। यह पूरा आयोजन प्रभागीय वन अधिकारी, रविकांत, के समग्र समन्वय तथा निकोबार वन प्रभाग के कर्मियों के सहयोग से आयोजित किया गया।

<><><><><><><><>